आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर पश्चिम रेलवे

रेल भर्ती कक्ष,
पावर हाऊस रोड़, जयपुर–302006
वेबसाइट *www.rrcjaipur.in*

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम
ONE EARTH · ONE FAMILY · ONE FUTURE

सं. 740–ई/आरआरसी/जीडीसीई/04/2023 दिनांक 05.03.2024

महत्वपूर्ण सूचना – केन्द्रीकृत जीडीसीई 04/2023

विषयः– केन्द्रीकृत अधिसूचना संख्या 04/2023 दिनांक 02.08.2023.
संदर्भः– प्रधान कार्यालय का पत्र दिनांक 04.03.2024.

––––

उपर्युक्त विषयान्तर्गत, उत्तर पश्चिम रेलवे में जीडीसीई के अन्तर्गत रिक्त पदों के भरने के लिए अधिसूचना संख्या 04/2023 दिनांक 02.08.2023 को जारी की गई थी। इस अधिसूचना के अन्तर्गत ऑनलाइन आवेदन दिनांक 03.08.2023 से दिनांक 02.09.2023 तक आमंत्रित किए गए थे। इस सम्बन्ध में दिनांक 15.12.2023 को सहायक लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर कोटि हेतु सीबीटी परीक्षा का आयोजन किया गया था।

प्रधान कार्यालय उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा निर्णय किया गया है कि दिनांक 15.12.2023 को आयोजित सीबीटी परीक्षा को निरस्त मानते हुए उक्त अधिसूचना के अन्तर्गत अधिसूचित पदों में एएलपी एवं ट्रेन मैनेजर की रिक्तियों में 50 प्रतिशत वृद्धि की जाती है। अब की जाने वाली भर्ती बढ़े हुए पदों के अनुसार की जाएगी। **रिक्तियों की संख्या बढ़ाने के पश्चात् क्रमशः एएलपी 309 (सामा. 158, एससी 48, एसटी 21 एवं ओबीसी 82) एवं ट्रेन मैनेजर 69 (सामा. 36, एससी 10, एसटी 05 एवं ओबीसी 18) होगी।** इस अधिसूचना के अन्तर्गत पुनः संबंधित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की वेबसाइट पर आमंत्रित किए जायेगें। **यह भी उल्लेखनीय है कि जिन अभ्यर्थियों द्वारा सहायक लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर कोटि के पद हेतु पूर्व में आवेदन किया हैं, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।**

अधिसूचना संख्या 04/2023 के अन्तर्गत पुनः ऑनलाइन आवेदन दिनांक 07.03.2024 से दिनांक 22.03.2024 को 23.59 बजे तक किए जा सकेंगे। इस तिथि के पश्चात् ऑनलाइन लिंक स्वतः निष्क्रिय हो जाएगा एवं इस तिथि के पश्चात् आवेदन किसी भी आधार पर ऑफलाइन या ऑनलाइन स्वीकार नहीं किए जायेंगे। अधिसूचना के संबंध में अन्य नियम एवं शर्तें अधिसूचना संख्या 04/2023 दिनांक 02.08.2023 के अनुसार यथावत रहेंगी।

सीबीटी/परीक्षा के बारे में अलग से रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की वेबसाइट के माध्यम से सूचित किया जाएगा। इस अधिसूचना के संबंध में किसी भी प्रकार की अपडेट के लिए आरआरसी की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

अध्यक्ष, रेल भर्ती कक्ष,
उपरे–जयपुर